आन्तरिक लेखा परीक्षा, वित्तीय नियंत्रण/प्रशासन की एक प्रभावी विधा है जिसके द्वारा वित्तीय अनियमितताओं चोरी, गबन, त्रुटि एवं धोखाधड़ी के प्रकरणों को न केवल प्रकाश में लाया जाता है बल्कि इनके सुधार के लिये भी यह एक प्रभावी माध्यम है। आन्तरिक लेखा परीक्षा इकाई/विभाग के क्रिया कलापों के सम्बन्ध में अपना निष्पक्ष एवं वस्तुपरक मूल्यांकन प्रस्तुत करता है।

वित्त (सेवायें) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या एस0ई0-222/दस-2020, दिनांक 14 जुलाई, 2020 द्वारा अधीनस्थ लेखा परीक्षक संवर्ग के कार्मिकों के कार्य एवं दायित्व जारी करने के निर्देश दिये गये हैं। आन्तरिक लेखा परीक्षा का कार्य करने वाले ज्येष्ठ लेखा परीक्षक/लेखा परीक्षक (जिन विभागों में आन्तरिक लेखा परीक्षा हेतु लेखाकार/सहायक लेखाकार तैनात हैं, उनमें ऐसे लेखाकार/सहायक लेखाकार) के कार्यों में स्पष्टता, सुगमता एवं प्रभावशीलता हेतु निम्नवत् कार्य एवं दायित्व निर्धारित किये जाते हैं—

1—शासन/विभागों तथा आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय द्वारा जारी नियमों एवं निर्देशों के अनुरूप आन्तरिक लेखा परीक्षा का कार्य निष्पादित करना।

2—सम्बन्धित इकाई/विभाग में विद्यमान लेखा प्रक्रिया की समीक्षा करना तथा कोई कमी पाये जाने पर इकाई/विभागीय प्रमुख को आन्तरिक लेखा परीक्षा अधिकारी के माध्यम से परामर्श देना।

3—निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लेखा परीक्षा प्रतिवेदन निर्गत करना।

4–आन्तरिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों में उल्लिखित प्रस्तरों के उत्तर/परिपालन आख्या का परीक्षण करना तथा उनके निस्तारण की कार्यवाही प्रक्रियानुसार निष्पादित कराना।

5–आन्तरिक लेखा परीक्षा के अवशेष प्रतिवेदनों एवं प्रस्तरों की समीक्षा/अनुश्रवण करना तथा उनके निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराना।

6–विभागीय आन्तरिक लेखा परीक्षा समिति एवं उप समिति की बैठकों के आयोजन एवं आन्तरिक लेखा परीक्षा की मासिक, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट के प्रेषण का कार्य।

7–आन्तरिक लेखा परीक्षा अधिकारी द्वारा सौंपे गये आन्तरिक लेखा परीक्षा से सम्बन्धित अन्य कार्य।

संतोष अग्रवाल,
निदेशक।

कार्यालय, चकबन्दी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

08 जनवरी, 2021 ई0

सं0 258/जी0-610/2018-19(4)–उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 5 सन् 1954 ई0) की धारा 4 की उपधारा (2) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति संख्या 3741/सी0एच0आई0ई0-454/53, दिनांक 21 अगस्त, 1963 द्वारा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके तथा शासनादेश संख्या 23/1-1-1(5) 1991 टी0सी0-रा0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 के अनुसार खण्ड-ख में किये गये प्राविधान के अन्तर्गत मैं, बी0 राम शास्त्री, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूं कि इस विज्ञप्ति के सरकार गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से जनपद हरदोई के ग्राम तुर्तीपुर में चकबन्दी क्रियायें आरम्भ करने का निश्चय किया गया है :

अनुसूची

क्र0 सं0	जनपद का नाम	तहसील	परगना	ग्राम का नाम	धारा, जिसके तहत प्रख्यापन होना है
1	2	3	4	5	6
1	हरदोई	हरदोई	बंगर	तुर्तीपुर	धारा-4क (1)/प्रथम चक्र

27 जनवरी, 2021 ई0

सं0 535/जी0-610/2016-17–उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 5, सन् 1954 ई0) की धारा 4-क की उपधारा (2) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति संख्या 3741/सी0एच0आई0ई0-454/53, दिनांक 21 अगस्त, 1963 द्वारा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके तथा शासनादेश संख्या 23/1-1-1(5) 1991 टी0सी0-रा0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 के अनुसार खण्ड-ख में किये गये प्राविधान के अन्तर्गत मैं, बी0 राम शास्त्री, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूं कि इस विज्ञप्ति के सरकार गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से जनपद बस्ती के ग्राम जैतापुर, तप्पा अतरोह में चकबन्दी क्रियायें पुनः आरम्भ करने का निश्चय किया गया है :

अनुसूची

क्र0 सं0	जनपद का नाम	तहसील	परगना	ग्राम का नाम	धारा जिसके तहत प्रख्यापन होना है
1	2	3	4	5	6
1	बस्ती	हरैया	अमोढ़ा	जैतापुर, तप्पा अतरोह	धारा-4क (2)/द्वितीय चक्र

15 जनवरी, 2021 ई0

सं0 373/जी0-164/59-06—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 5, सन् 1954 ई0) की धारा 52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0 1769/सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश संख्या 23/1/1(5) 1991 टी0सी0-रा0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, बी0 राम शास्त्री, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूं कि इस विज्ञप्ति के सरकार गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील मंझनपुर, जनपद कौशाम्बी के ग्राम हकीमपुर में चकबन्दी क्रियायें समाप्त हो गयी हैं।

21 जनवरी, 2021 ई0

सं0 465/जी0-153/61-2006—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 5, सन् 1954 ई0) की धारा 52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0 1769/सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश संख्या 23/1/1(5) 1991 टी0सी0-रा0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, बी0 राम शास्त्री, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूं कि इस विज्ञप्ति के सरकार गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील फरीदपुर, जनपद बरेली के ग्राम जरौल मु0 में चकबन्दी क्रियायें समाप्त हो गयी हैं।

सं0 467/जी0-157/65-08—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0 प्र0 अधिनियम संख्या-5 सन् 1954 ई0) की धारा 52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0 1769/सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश संख्या 23/1/1(5) 1991 टी0सी0-रा0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, बी0 राम शास्त्री, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूं कि इस विज्ञप्ति के सरकार गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील भाटपाररानी, जनपद देवरिया के ग्राम सोहनपार तप्पा हवेली में चकबन्दी क्रियायें समाप्त हो गयी हैं।

सं0 468/जी0-48/54-80(2)—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 5, सन् 1954 ई0) की धारा 52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0 1769/सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश संख्या 23/1/1(5) 1991 टी0सी0-रा0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, बी0 राम शास्त्री, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूं कि इस विज्ञप्ति के सरकार गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील सदर, जनपद आजमगढ़ के ग्राम ईशरपुर में चकबन्दी क्रियायें समाप्त हो गयी हैं।

सं0 469/जी0-168/59-15—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 5, सन् 1954 ई0) की धारा 52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0 1769/सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश संख्या 23/1/1(5) 1991 टी0सी0-रा0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, बी0 राम शास्त्री, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूं कि इस विज्ञप्ति के सरकार गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील सदर, जनपद शाहजहांपुर के ग्राम कुतुवापुर ई0 पड़रीलाल में चकबन्दी क्रियायें समाप्त हो गयी हैं।

सं0 470/जी0-15/54/80-19—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 5, सन् 1954 ई0) की धारा 52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0 1769/सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश संख्या 23/1/1(5) 1991 टी0सी0-रा0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, बी0 राम शास्त्री, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूं कि इस विज्ञप्ति के सरकार गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील मुसाफिरखाना, जनपद अमेठी के ग्राम भीखनपुर में चकबन्दी क्रियायें समाप्त हो गयी हैं।

सं0 471/जी0-152-A/2019-20—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 5, सन् 1954 ई0) की धारा 52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0 1769/सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश संख्या 23/1/1(5) 1991 टी0सी0-रा0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, बी0 राम शास्त्री, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूं कि इस विज्ञप्ति के सरकार गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील कादीपुर, जनपद सुल्तानपुर के ग्राम जुमेदपुर में चकबन्दी क्रियायें समाप्त हो गयी हैं।

सं0 472/जी0-157/65/2019-20–उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 5, सन् 1954 ई0) की धारा 52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0 1769/सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश संख्या 23/1/1(5) 1991 टी0सी0-रा0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, बी0 राम शास्त्री, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूं कि इस विज्ञप्ति के सरकार गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील जलालाबाद, जनपद शाहजहांपुर के ग्राम वजीरपुर में चकबन्दी क्रियायें समाप्त हो गयी हैं।

सं0 473/जी0-201/64-2019–उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 5, सन् 1954 ई0) की धारा 52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0 1769/सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश संख्या 23/1/1(5) 1991 टी0सी0-रा0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, बी0 राम शास्त्री, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूं कि इस विज्ञप्ति के सरकार गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील सदर, जनपद मीरजापुर के ग्राम कोल्हुआ साहू तप्पा कोन में चकबन्दी क्रियायें समाप्त हो गयी हैं।

सं0 474/जी0-216/62–उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 5, सन् 1954 ई0) की धारा 52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0 1769/सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश संख्या 23/1/1(5) 1991 टी0सी0-रा0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, बी0 राम शास्त्री, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूं कि इस विज्ञप्ति के सरकार गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील अनूपशहर, जनपद बुलन्दशहर के ग्राम सिरौरा खादर में चकबन्दी क्रियायें समाप्त हो गयी हैं।

सं0 475/जी0-266/56–उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 5, सन् 1954 ई0) की धारा 52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0 1769/सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश संख्या 23/1/1(5) 1991 टी0सी0-रा0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, बी0 राम शास्त्री, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूं कि इस विज्ञप्ति के सरकार गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील सदर, जनपद गोरखपुर के ग्राम जंगलरामगढ़ उर्फ रजही (खालेटोला) तप्पा हवेली में चकबन्दी क्रियायें समाप्त हो गयी हैं।

सं0 476/जी0-61-B/57/2019-20–उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 5, सन् 1954 ई0) की धारा 52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति संख्या 1769/सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश संख्या 23/1/1(5) 1991 टी0सी0-रा0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, बी0 राम शास्त्री, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूं कि इस विज्ञप्ति के सरकार गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील चन्दौसी, जनपद सम्भल के निम्नलिखित ग्रामों में चकबन्दी क्रियायें समाप्त हो गयी हैं :

ग्रामों की सूची

जनपद	तहसील	क्रमांक	ग्राम का नाम
1	2	3	4
सम्भल	चन्दौसी	1	सिंहपुर
		2	मनौना

29 जनवरी, 2021 ई0

सं0 635/जी0-366/2020-21/धारा-6(1)–उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 5, सन् 1954 ई0) की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति संख्या 8313/आई0ए0 813/1954, दिनांक 19 अक्टूबर, 1956 द्वारा यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, बी0 राम शास्त्री, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश, तहसील बीसलपुर, जनपद पीलीभीत के ग्राम कितनापुर में उपुर्यक्त अधिनियम की धारा 4(2) के अधीन जारी की गई विज्ञप्ति संख्या 592/जी0-610/2012, दिनांक 05 फरवरी, 2015 एतद्द्वारा निरस्त करता हूं।

बी0 राम शास्त्री,
चकबन्दी संचालक,
उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0–50 हिन्दी गजट–भाग 1-क–2021 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उ0प्र0, प्रयागराज।

रजिस्टर्ड नं०-ए० डी०-4
लाइसेन्स सं०-डब्ल्यू०पी०-41
(लाइसेन्स टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

प्रयागराज, शनिवार, 13 मार्च, 2021 ई० (फाल्गुन 22, 1942 शक संवत्)

भाग 8

सरकारी कागज-पत्र, दबाई हुई रूई की गांठों का विवरण-पत्र, जन्म-मरण के आंकड़े, रोगग्रस्त होने वालों और मरने वालों के आंकड़े, फसल और ऋतु सम्बन्धी रिपोर्ट, बाजार-भाव, सूचना, विज्ञापन इत्यादि।

कार्यालय, नगर पंचायत गोकुल, जनपद मथुरा

07 सितम्बर, 2020 ई0

सं0 176/न0पं0गो0—नगर पंचायत गोकुल जिला मथुरा में उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 (2) के शीर्षक (ए)(बी)(सी) तथा जे0डी0 एवं धारा 212-क के अधीन अधिकारों का प्रयोग करके अपनी सीमा के बाहर 5 किलोमीटर की परिधि में भवन निर्माण उपविधि बनाई है। जिसका नगर पंचायत गोकुल द्वारा दैनिक "हिन्दुस्तान" समाचार-पत्र व "तरूण मित्र" समाचार-पत्र के अंक दिनांक 20 नवम्बर, 2020 को प्रकाशित की जा चुकी है। निर्धारित अवधि के अन्दर कोई आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है। अन्तिम कार्यवाही हेतु पुनः समाचार-पत्र दैनिक "हिन्दुस्तान" समाचार-पत्र व "तरूण मित्र" समाचार-पत्र के अंक दिनांक 19 दिसम्बर, 2020 को अग्रिम कार्यवाही प्रकाशित किया जा चुका है। तथा अन्तिम निर्णय के पश्चात् उक्त अधिनियम की धारा 301 के अन्तर्गत गजट में प्रकाशन हेतु भेजा जा रहा है। और यह घोषित किया जा रहा है। कि उक्त अधिनियम के गजट में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी समझी जायेगी।

भवन मानचित्र एवं प्रोजेक्शन उपविधि, 2020

1—**संक्षिप्त नाम व विस्तार**—(1) यह उपविधि भवन एवं प्रोजेक्शन उपविधि, 2020, नगर पंचायत, गोकुल, जनपद मथुरा कहलायेगी।

(2) यह उपविधि उ0प्र0 सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होगी।

2—(1) ''भवन निर्माण'' से तात्पर्य नगर पंचायत की सीमा के अन्दर होने वाले किसी भी भवन के नये निर्माण, पुनर्निर्माण वर्तमान भवन में परिवर्तन आदि से है तथा नगर पंचायत की सीमा के 5 कि0मी0 बाहर तक लागू रहेगी।

(2) ''प्रोजेक्शन'' से तात्पर्य नगर पंचायत की सीमा के अन्दर सार्वजानिक एवं सरकारी सड़क या नाली के ऊपर छज्जा या चबूतरा आदि के निर्माण से है।

(3) ''अधिशासी अधिकारी'' से तात्पर्य नगर पंचायत में नियुक्त अधिशासी अधिकारी से है।

(3अ) ''अध्यक्ष/प्रशासक'' से तत्पर्य नगर पंचायत गोकुल से है।

3—(1)नगर पंचायत के क्षेत्राधिकार के किसी भवन या उसके किसी स्थान में निर्माण, पुनिर्माण या उसमें सारवान परिवर्तन अथवा बड़ा करने के अभिप्राय से अथवा छज्जा या चबूतरा बनाने के अभिप्राय से व कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व आवेदक को धारा 178(1) के अन्तर्गत नगर पंचायत को नोटिस देना होगा—

[क] प्रार्थी को स्वीकृति चाहने हेतु एक प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करना होगा जो कि रु0 2.00 के कोर्ट फीस स्टाम्प पेपर पर होगा।

[ख] इस प्रार्थना-पत्र के साथ प्रार्थी को दो मानचित्र प्रस्तुत करने होंगे। इन मानचित्रों में प्रस्तावित मकान का पूर्ण विवरण दिया जा जावेगा तथा यह भी दर्शाया जावेगा। कि बनाने से पूर्व भूमि की क्या दशा है और भूमि का कितना क्षेत्रफल है।

[ग] प्रार्थी इन मानचित्र के साथ एक प्रमाण-पत्र इस आशय का प्रस्तुत करेगा कि यह भूमि जहां निर्माण कार्य करना चहता है उसकी अपनी है, उसका ब्यौरा प्रस्तुत करेगा।

[घ] प्रार्थना-पत्र में निर्माण का विवरण देते हुए वह स्पष्ट करेगा कि वह मरम्मत या फेरवदल या ऊपरी भाग का पूर्ण नवनिर्माण करना चाहता है।

[च] जिस आर्किटेक्ट से नक्शा बनवायेगा, उसी से उस भवन का अनुमानित लागत का प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करेगा।

[छ] नक्शा ग्राफ पेपर या ब्लू प्रिन्ट होंगे और दूसरा नक्शा जो नगर पंचायत गोकुल में रखा जायेगा, वह क्लाथ पेपर पर होगा। अन्य दस्तावेज जैसा पालिका अपेक्षा करें, जमा किया जायेगा।

(2) धारा 3(1) के अन्तर्गत दिये गये नोटिस के साथ नगर पंचायत के अवशेष करो एवं निश्चित किया गया शुल्क की रसीद लगाना अनिवार्य है इसके बिना नोटिस वैद्य नही होगा।

(3) भवन के निर्माण के लिए स्वीकृत जारी न किये जाने की दशा में अदा किया गया शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

(4) नगर पंचायत के क्षेत्राधिकार के अन्दर किसी भवन का निर्माण, पुनर्निर्माण या किसी भवन में या उसके किसी भाग में परिवर्तन या बढाने या प्रोजेक्शन के नोटिस के साथ मानचित्र या सूचनायें दो प्रतियों में दी जायेगी, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सार्वजनिक सड़कों तथा गलियों के सहनिकट दरवाजा या खिड़की खोलने के लिए मानचित्र की आवश्यकता नहीं है।

(5) प्रार्थना-पत्र के साथ प्रस्तावित स्थान का मानचित्र एक मीटर बराबर एक सेंटीमीटर के पैमाने से कम नहीं खींचा जायेगा और उसमें निम्नलिखित दर्शाया जायेगा।

[क] स्थल की सीमायें और उनकी माप सीमावर्ती भूमि जो उसके स्वामी की है।

[ख] भवन के सहनिकट की गलियों की चौडाई मोहल्लों का नाम, भवन की सीमायें प्रदर्शित होगी।

[ग] हर मंजिल का नक्शा शहर के सहनिकट खुलने वाले दरवाले तथा खिड़कियों आदि की स्थिति।

[घ] नक्शों में नवीन निर्माण जिसके लिए प्रार्थना-पत्र दिया गया है लाल रंग से तथा पुराने भवन नीले रंग से दिखाया जायेगा।

[च] भवन के पास सरकारी बिजली की लाइन की क्षैतिज दूरी स्पष्ट रूप से मानचित्र पर अंकित की जायेगी।

4—निर्माण की स्वीकृति धारा 180 के अन्तर्गत की जायेगी। प्रत्येक स्वीकृति छः माह तक वैद्य होगी। किन्तु प्रार्थी द्वारा समय बढाने के प्रार्थना-पत्र पर मूल स्वीकृति से दो वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

5—यदि निर्माण की स्वीकृति दी जाने के उपरान्त नगर पंचायत की किसी समय यह संतुष्टि हो जाये कि किसी गलत सूचना के आधार पर अनुमति ली गई है तो नगर पंचायत अनुमति रद्द कर सकती है। इस प्रकार की अनुमति के अन्तर्गत किया गया कोई कार्य बिना अनुमति किया माना जायेगा।

6—अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी तथा इनके द्वारा अधिकृत सदस्य या कर्मचारी किसी भी समय स्वीकृति चाहने वाले कार्यो का निरीक्षण कर सकता है।

7—भवन निर्माण हेतु दी गई स्वीकृति का प्रभाव धारा 184 के अनुसार होगी।

8—चलचित्र भवन बनाने की अनुमति जिलामजिस्ट्रेट द्वारा दी गई अनुमति के पश्चात् प्रदान की जायेगी।

9—भवन निर्माण हेतु नक्शे में प्रोजेक्शन एवं चबूतरे का विवरण स्पष्ट अंकित किया जायेगा। प्रोजेक्शन की स्वीकृति निम्न प्रतिबन्धों के साथ दी जायेगी।

(1) भवन के ऊपरी मंजिल से बालकनी, बरामदा, छज्जा या अन्य प्रक्षेप ऐसी सड़क के ऊपर नहीं बनाया जायेगा जिसकी चौड़ाई 12 फिट से कम हो।

(2) किसी भी प्रक्षेप की चौडाई 3 फिट से अधिक नहीं होगी किन्तु सड़क के धरातल से प्रक्षेप की ऊंचाई 12 फिट से कम नहीं होगी।

(3) यदि प्रस्तावित प्रक्षेप से बिजली की लाइन तक पहुंच सकना सम्भव होगा तो प्रक्षेप की अनुमति न दी जायेगी। जब तक बिजली की लाइन में परिवर्तन न हो जाय।

(4) प्रत्येक प्रक्षेप के लिए शुल्क अलग-अलग लिया जायेगा। यदि एक ही भवन में दो या अधिक मंजिलों पर प्रक्षेप बनता हैं तो शुल्क अलग-अलग लिया जायेगा।

10—अधिनियम की धारा 186 के अन्तर्गत निर्माण को रोकने तथा निर्माण किये गये भवन को गिराने का अधिकार इन उपविधियों में किसी बात के होते हुए भी होगा।

(1) इन उपविधियों की किसी बात से यह न समझा जायेगा कि वह सब सड़कों व नलियों के ऊपर अतिक्रमण तथा प्रक्षेपों को हटाने के लिए नगरपालिका अधिनियम की धारा 211 के द्वारा नगर पंचायत को प्रदत्त किसी अधिकार को कम करती है, भले ही ऐसे अतिक्रमण तथा प्रक्षेपों के लिए स्वीकृति दे दी हो।

11—प्रस्तुत मानचित्र पर अधिशासी अधिकारी द्वारा धारा 180 एवं धारा 298 शीर्षक 'क' के उपशीर्षक (ज) में निहित प्रावधानों के सम्बन्ध में एवं निर्माण की रीति अभीवियों, चिमनियों, नालियों शौचालयों,संडासों, मूत्रालयों और मलकूप की स्थिति, वायु के निर्वाध संचरण को सुनिष्चित करने, आगे लगने की रोकथाम के लिये भवन के चारों ओर छोड़ा जाने वाला स्थान, मंजिलों की संख्या अन्य ऐसे विषय जिससे सतायन या स्वच्छता पर प्रभाव पड़ता हो, भवन के बाहर ग्रीन एरिया के अनुपाल,रेनवाटर, हार्वेस्टिंग इत्यादि के सम्बन्ध में यथाशक्य विचार किया जायेगा। विशेष ध्यान रखा जायेगा कि भवन में आगन या वाटिका के लिए कुछ भूमि खाली छोडों लाये खाली भूमि के क्षेत्र का निर्धारण मौके की स्थिति को ध्यान में रखकर अधिशासी अधिकारी द्वारा किया जायेगा। तदुपरान्त मानचित्र हेतु स्वीकृत अधिशासी अधिकारी की रिपोट पर अध्यक्ष द्वारा प्रदान की जायेगी।

12—यदि मानचित्र अस्वीकृत किया जाता है तो पालिका द्वारा कारणों को दर्शाते हुए आपत्तियों को दुरुस्त करने की अपेक्षा की जा सकती है। तदुपरान्त पनुः आवेदन किया जा सकता है। इस हेतु कोई आवेदन शुल्क नहीं लिया जायेगा।

13—आर्किटेक्ट के लिए रु0 10,000.00 (दस हजार रुपया) वार्षिक शुल्क लेकर लाइसेन्स दिया जा सकता है। लाइसेन्स की अवधि 01 अप्रैल से 31 मार्च होगी। लाइसेन्स जारी होने के उपरान्त अन्य आर्किटेक्ट से बनाया हुआ मानचित्र अवैध करार दिया जा सकता है—

(1) यदि कोई लाईसेन्स शुदा आर्किटेक्ट नहीं है तो नक्शा किसी भी योग्यता प्राप्त आर्किटेक्ट से बनवाया जा सकता है।

(2) आवेदक के मानचित्र को तैयार कराने का दायित्व नगर पंचायत का नहीं होगा।

14—किसी सड़क या भूमि के ऊपर अपनी जगह में कोई दरवाजा, खिड़की, नाली अनुमति लेकर ही बनायी जायेगी।

15—भवन का निर्माण किसी भी कारण से नगर पंचायत की नाली/नाले/सड़क को आच्छादित नहीं करेगा—

(1) भवन के सामने के नाले को यथासम्भव लोहे का चलायमान जाल डालकर आवागमन योग्य किया जा सकता है, ताकि नाले/नालियों की सफाई में कोई बाधा न उत्पन्न हो। नाले/नालियों/सड़क के आच्छादन की स्थिति में प्रथम अपराध के लिये रु0 2,000.00 एवं अग्रेतर उल्लंघन की स्थिति में रु0 200.00 प्रतिदिन का अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा।

(2) कोई भी भवन निर्माण सरकारी सड़क से या नाली के बाहरी किनारे से 2 फुट भूमि को छोड़कर किया जायेगा तथा गलियों में 1 फुट भूमि छोड़कर निर्माण किया जायेगा।

16—भवन निर्माण कार्य आरम्भ करने पर भवन स्वामी द्वारा नगर पंचायत को यह सूचना दी जायेगी कि कार्य आरम्भ कर दिया गया है। निर्माण कार्य पूरा किये जाने का प्रमाण-पत्र अवश्य प्रस्तुत करना होगा। यह प्रस्तावित भवन तब तक पूर्णरूपेण या अंशतया अध्यासित नहीं किया जायेगा, जब तक कि पालिका इस आशय का प्रमाण-पत्र जारी न कर दे।

17—संदर्भित भवन का निर्माण अनुज्ञापित तकनीकी व्यक्ति के पर्यवेक्षण में कराया जायेगा। निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता एवं विशिष्टियों के लिये आवेदक पूर्णरूपेण उत्तरदायी होगा।

18—कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक या निजी सड़क या गली में पालिका की स्वीकृति के बिना नाली, फर्श का निर्माण नहीं करेगा और न ही कोई फर्श या नाली तोड़ेगा या उसमें परिवर्तन करेगा। उल्लंघन की स्थिति में प्रथम अपराध के लिये रु0 2,00.00 प्रतिदिन का अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा।

19—कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक या निजी सड़क या गली में या किनारे पालिका की स्वीकृति के बिना भवन निर्माण सामग्री का भण्डारण नहीं करेगा। इसके लिए नियमानुसार कार्य आरम्भ करने से पूर्व अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना-पत्र देकर स्वीकृति प्राप्त करनी होगी। स्वीकृति प्रदान करने के उपरान्त भी यदि पालिका को यह विश्वास करने का कारण हो कि उक्त भवन निर्माण सामग्री का भण्डारण से यातायात या सार्वजनिक आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तोदी गई अनुमति समाप्त की जा सकती है।

20—भवन निर्माणकर्ता कार्य समाप्त कर सड़क पर पड़ा मैटेरियल/मलवा आदि साफ करायेगा और गढ्ढे आदि भरवाएगा। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक या निजी सड़क या गली/नाला/नाली में या किनारे पालिका की स्वीकृति के बिना भवन के मलबे का भण्डारण नहीं करेगा। यदि पालिका को यह विश्वास करने का कारण हो कि उक्त भवन के मलबे के सड़क/नाली/नाले में भण्डारण से यातायात या सार्वजनिक आवागमन/जल निकासी में कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो पालिका उसे 24 घण्टे में हटाने की अपेक्षा व्यक्ति से कर सकती है और उल्लघन की स्थिति में अर्थदण्ड आरोपित कर सकती है।

21—यदि कोई निर्माण स्वीकृति प्राप्त किये बिना किया जाता है, तो अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वतः संज्ञान लेने पर या आवेदक द्वारा निर्माण के पश्चात् स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करने पर यदि वह निर्माण इस उपविधि के अन्तर्गत दी गई शतों के अनुरूप बनाया गया है तो उसको स्वीकृति भी दी जा सकती है। ऐसी स्वीकृति

के लिए निर्धारित शुल्क के अनिरिक्त 20 गुना अर्थदण्ड अधिशासी अधिकारी द्वारा अपने विवेकानुसार किया जा सकता है।

22—नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 212(क) के प्राविधानों के अन्तर्गत नगर पंचायत की सीमा के बाहर से 5 कि0मी0 की दूरी तक समस्त भवन, मार्ग या नाली के निर्माण इस उपविधि से नियंत्रित या विनियमित होंगे अर्थात यह उपविधि सीमा के बाहर 5 कि0मी0 की दूरी तक प्रभावी होगी।

23—स्वीकृति के लिए निम्नलिखित शुल्क अग्रिम देय होगा।

अनुसूची

क्र0स0	स्वीकृत योग्य मदें	दरें
1	2	3
		रु0
1	मानचित्र स्वीकृत हेतु प्रार्थना-पत्र का शुल्क	500.00
2	आवासीय भवन / कालोनी प्लान निर्माण / पुनः निर्माण अथवा परिवर्तन के लिए दर	50.00 प्रति वर्ग मीटर।
3	व्यवसायिक एवं आवासीय तथा केवल व्यवसायिक / वाणिज्यिक / व्यापारिक प्रतिष्ठानों के भवन / कॉलोनी प्लान के निर्माण / पुनः निर्माण अथवा परिवर्तन के लिए दर	200.00 प्रति वर्ग मीटर।
4	बहुमंजिला आवासीय बिल्डंग काम्प्लेक्स	500.00 प्रति वर्ग मीटर।
5	बहुमंजिला व्यवसायिक बिल्डिंग काम्प्लेक्स	1,000.00 प्रति वर्ग मीटर।
6	खिडकी, दरवाजे, नाली आदि के निर्माण के लिए	500.00 प्रति
7	अवधि बढाये जाने के लिए प्रार्थना-पत्र का शुल्क	500.00
8	छज्जा, बालकनी, चबूतरा के लिए शुल्क	200.00 वर्ग मीटर
9	निर्माण सामग्री सार्वजनिक सड़क के किनारे रखने हेतु शुल्क (प्रति 50 वर्ग फिट पर)	प्रथम 2 दिन निःशुल्क अनिरिक्त प्रति 10 दिन रु0 1,000.00।
10	सड़क व नालियों में भवन का जमा मलवा नगर पंचायत के कार्मियों द्वारा हटाने हेतु शुल्क	5,000.00 एकमुश्त।
11	मात्र दीवार निर्मित कराने हेतु	25.00 प्रति मीटर।

नोट—(1) प्रत्येक मंजिल का शुल्क अलग-अलग लिया जायेगा।

(2) दरों में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की बढोत्तरी होगी जो वित्तीय वर्ष के प्रथम अप्रैल से लागू होगी। इन शुल्क गढोत्तरी को पांच वर्ष पश्चात् लागू रखने के लिए नगर पंचायत पुनः विचार कर सकती है।

(3) यदि कोई दुकान, रेस्टोरेन्ट या गोदाम किसी सामाजिक या धार्मिक संस्था के द्वारा बनायी जा रही है तो उसकी फीस, उपरोक्त दरों की 1/2 होगी। मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा, गिरजाघर, धर्मशाला या अन्य कोई पूजा गृह जिसमें किराये आदि की व्यवस्था न हो वह निःशुल्क होगा।

(4) भूमिगत तल की अनुमति सामान्यतया नहीं दी जायेगी। अनुमति विशेष परिस्थिति में प्रस्तावित भवन के आसपास के भवनों एवं सार्वजनिक सड़क / नाली की स्थिति को ध्यान में रखकर उपरोक्त भवन श्रेणियों की दरों के 4 गुना दर पर ही दी जा सकेगी।

दण्ड

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299(1) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत, गोकुल निर्देश देती है कि इस उपविधि की किसी भी धारा का उल्लंघन करने पर रु0 1,000.00 तक अर्थदण्ड दिया जायेगा। यदि अपराध प्रथम दोश होने के दिनांक से निरंतर जारी रहा हो तो रु0 25.00 प्रतिदिन अतिरिक्त अर्थदण्ड दिया जायेगा।

संजय दीक्षित,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत, गोकुल,
मथुरा।

कार्यालय, नगर पंचायत गोकुल, जनपद मथुरा

11 फरवरी, 2021 ई0

सं0 215/न0पं0गो0-2021-22–उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नगर पंचायत, गोकुल जनपद मथुरा बोर्ड प्रस्ताव संख्या 3 दिनांक 29 अगस्त, 2020 आलोच्य में तैयार वाहन स्टैण्ड/पार्किंग शुल्क उपविधि नियमावली, 2020 प्रस्तावित करती है। जिसका नगर पंचायत गोकुल द्वारा दैनिक समाचार-पत्र "अमर उजाला" व "हिन्दुस्तान" के अंक दिनांक 12 फरवरी, 2021 को प्रकाशित की गयी थी। निर्धारित अवधि के अन्दर कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुआ तथा अन्तिम निर्णय के पश्चात् उक्त अधिनियम की धारा 301 के अन्तर्गत गजट में प्रकाशन हेतु भेजा जा रहा है और यह घोषित किया जा रहा है कि उक्त अधिनियम के गजट में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी समझी जायेगी।

वाहन स्टैण्ड/पार्किंग फीस उपविधि

1–**संक्षिप्त नाम**–(क) यह उपविधि नियमावली नगर पंचायत, गोकुल की सीमा के अन्तर्गत वाहन के विनियमित एवं नियंत्रण हेतु वाहन स्टैण्ड/पार्किंग फीस नियमावली, 2020 कहलायेगी।

2–**परिभाषायें**–(क) "अधिनियम" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 से है।

(ख) "नगर पंचायत" का तात्पर्य नगर पंचायत, गोकुल से है।

(ग) "अधिशासी अधिकारी" का तात्पर्य गोकुल अधिशासी अधिकारी से है।

(घ) "अध्यक्ष/प्रशासक" का तात्पर्य गोकुल नगर पंचायत के अध्यक्ष/प्रशासक से है।

(ङ) "फीस" का तात्पर्य नगर पंचायत गोकुल में वर्णित मदों में दर्शायी गयी फीस से है।

(च) "निरीक्षकर्ता" का तात्पर्य नगर पंचायत, गोकुल के अधिशासी अधिकारी अथवा अधिशासी अधिकारी द्वारा अधिकृत कर्मचारी से है।

3–नियमावली में दी गयी तालिका में वर्णित मदों पर वर्णित एवं निर्धारित धनराशि को नगर पंचायत, गोकुल की सीमा में चालकों/परिचालाकों द्वारा स्टैण्ड/पार्किंग स्थलों पर ठहरने तथा सीमान्तर्गत सवारियों को उतारने चढ़ाने पर स्टैण्ड/पार्किंग फीस के रूप में धनराशि देनी होगी।

4–देय धनराशि की रसीद प्राप्त करनी होगी तथा अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी के मांगने पर दिखानी होगी।

5–"वाहनों" का तात्पर्य उन वाहनों से है। जो नगर पंचायत की सीमा अन्तर्गत स्टैण्ड/पार्किंग स्थानों अथवा किसी भी स्थान पर ठहरने हो अथवा सवारी उतारते चढ़ाते है।

6–"सीमा" से तात्पर्य नगर पंचायत, गोकुल की सीमान्तर्गत सड़कों एवं पटरियों से है।

7–वाहन चालक/परिचालक/मालिक द्वारा तालिका में वर्णित मदों के अनुरूप महसूल अदा करना होगा।

8–नगर पंचायत स्टैण्ड/पार्किंग फीस/महसूल को अपने कर्मचारियों से अथवा ठेकेदार से वसूल करायेगी। इस महसूल का ठेका उठाने को नगर पंचायत पूर्ण रूप से स्वतंत्र है।

तालिका

क्र0सं0	वाहन का नाम	प्रस्तावित दर	विवरण
1	2	3	4
		रु0	
1	मोटर गाड़ी, बस, डीजल तथा पेट्रोल से चलने वाले भारी वाहन	100.00 प्रतिदिन	स्टैण्ड/पार्किंग स्थल जो नगर पंचायत निर्धारित करें।
2	पार्टी वाली बस	100.00 प्रतिदिन	
3	टाटा 407 मिनी बस एवं चार पहिये वाहन	60.00 प्रतिदिन	
4	तांगा रेडी, थ्री व्हीलर आटो रिक्शा	20.00 प्रतिदिन	
5	जीप कार, मार्शल, टाटा सुमो, पेट्रोल तथा डीजल से चलाने वाले छोटे वाहन से	50.00 प्रतिदिन	
6	उपरोक्त वाहन नगर पंचायत सीमा के अन्तर्गत सवारी उतारते एवं चढ़ाते हैं तो सवारी भाड़े के वाहन/परिचालक/मालिक को उपरोक्त दरों से महसूल देना होगा।		

निम्नलिखित फीस/महसूल से मुक्त होगें–

1–सरकारी वाहन, शव वाहन आदि अधिकृत वाहन।

दण्ड

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299 (1) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये नगर पंचायत, गोकुल आदेश देती है कि उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करने वालों का रु0 1,000.00 (एक हजार रुपये मात्र) जुर्माना किया जा सकता है और जब ऐसा भंग निरन्तर किया जाये तो अग्रेतर जुर्माना किया जा सकेगा जो प्रथम दोषसिद्ध के दिनांक के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिये जिसमें अपराधी का अपराध करते रहना सिद्ध हो पच्चीस रुपये हो सकेगा।

संजय दीक्षित,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत, गोकुल,
मथुरा।

कार्यालय, नगर पंचायत कदौरा, जालौन

09 मार्च, 2021 ई0

सं0 1324/न0पं0 कदौरा/वाहन पार्किंग नियमावली/2018/2020-21–उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 (1) की उप धारा ज (ख) की सूची एक के शीर्षक (ज) के उपखण्ड (ख) के अन्तर्गत नगर पंचायत, कदौरा, जनपद जालौन ने अपनी सीमा के अन्तर्गत वाहनों के पड़ाव/पार्किंग शुल्क वसूल करने हेतु निकाय बोर्ड की बैठक दिनांक 17 अप्रैल, 2018 के प्रस्ताव संख्या 5(ग) में पारित प्रस्ताव के अनुसार उपविधियां बनायी जाती है। जिसे उक्त एक्ट की धारा 301 (2) के अन्तर्गत आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित करने हेतु प्रकाशित किया जाता है जिसकी अवधि एक माह 30 दिन होगी। निर्धारित अवधि के अन्तर्गत कोई आपत्ति एवं सुझाव नहीं प्राप्त होने की दशा में सरकारी गजट में प्रकाशन हेतु प्रेषित कर दिया जायेगा और गजट में प्रकाशन के बाद उसे तत्काल लागू माना जायेगा। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त नही हुए। अतः वाहन पार्किंग शुल्क नियमावली प्रकाशन की तिथि से लागू मानी जायेगी।

नियमावली

1–**संक्षिप्त नाम**–यह नियमावली नगर पंचायत, कदौरा, जनपद जालौन वाहन स्टैण्ड (पार्किंग शुल्क) नियमावली, 2018 कहलायेगी।

2–परिभाषायें–जब तक विषय या प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल न हो इस नियमावली में–

(क) अधिनियम का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 से है।

(ख) अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत, कदौरा, जनपद जालौन के अधिशासी अधिकारी से है।

(ग) अध्यक्ष का तात्पर्य नगर पंचायत कदौरा जनपद जालौन के अध्यक्ष से है।

(घ) प्रभारी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत, कदौरा, जनपद जालौन के प्रभारी अधिकारी से है।

(ङ) बोर्ड का तात्पर्य नगर पंचायत, कदौरा, जनपद जालौन के बोर्ड से है।

(च) सीमा से तात्पर्य नगर पंचायत कदौरा जनपद जालौन के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र से है।

3–वाहन स्टैण्ड शुल्क (पार्किंग शुल्क) का तात्पर्य नगर पंचायत कदौरा, जनपद जालौन की सीमा में चलने, रुकने, ठहरने, सवारियों को उतारने-चढ़ाने पर निर्धारित वाहन स्टैण्ड शुल्क से है।

4–इस नियमावली के अन्तर्गत नगर पंचायत कदौरा, जनपद जालौन की सीमान्तर्गत वाहनों के चलने, रुकने, ठहरने तथा सवारियों को उतारने-चढाने, रात्रि विश्राम हेतु सार्वजनिक भूमि का उपयोग करने पर निर्धारित वाहन स्टैण्ड शुल्क (पार्किंग शुल्क) देना अनिवार्य है।

5–वाहन स्टैण्ड शुल्क उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 (2)(एच)(जे) के अन्तर्गत है।

6–वाहन स्टैण्ड शुल्क की वसूली नगर पंचायत कदौरा, जनपद जालौन कर्मचारियों द्वारा कर सकती है अथवा ठेकेदार नियुक्त कर सकती है जो नियमानुसार नियमावली में निर्धारित दर से वसूली करेगा।

7–ठेकेदार प्रथा हेतु प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष स्थानीय प्रकाशन के उपरान्त सार्वजनिक नीलामी अथवा शासनादेश के अनुसार किया जायेगा परन्तु अन्तिम स्वीकृति अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी को अनुमन्य होगी यदि अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी इस बात से सन्तुष्ट हो कि इस नियमावली की किसी धारा का दुरुपयोग हो रहा है अथवा वह जनहित में नही है तो उसे निलम्बित करने अथवा निरस्त करने का अधिकार होगा।

8–नगर पंचायत कदौरा, जनपद जालौन द्वारा निश्चित किये गये पार्किंग स्थल (वाहन स्टैण्ड) को छोड़कर नगर सीमाओं के चारों ओर 03 कि0मी0 की परिधि में कोई अन्य वाहन स्टैण्ड स्थापित नही किया जायेगा।

9–पार्किंग शुल्क वसूली सम्बंधी कार्य का निरीक्षण किसी भी समय अधिशासी अधिकारी/प्रभारी अधिकारी/अध्यक्ष/प्रशासक द्वारा किया जा सकता है।

10–राजकीय वाहन, शव वाहन एवं रोगी वाहन इस पार्किंग शुल्क से मुक्त रहेंगे तथा इसके अतिरिक्त ऐसे वाहन जो सरकारी/अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानान्तरण के फलस्वरुप घरेलू सामान से लदे हो पार्किंग शुल्क से मुक्त रहेंगे। इस आषय का सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र दिखाना होगा, उसे पार्किंग शुल्क वसूली हेतु तैनात कर्मचारियों को रजिस्टर में दर्ज करना होगा।

11–नगर पंचायत कदौरा अन्तर्गत कृषकों द्वारा प्रयोग में लाये जाने वाले ट्रैक्टर/ट्राली जोकि खाद/फसलों से लदे हो पार्किंग शुल्क से मुक्त रहेंगे।

12–राजकीय कार्य हेतु अधिकृत की गयी प्राइवेट जीप, कार, एम्बूलेंस, सरकारी बसें, शव वाहन आदि भी इस शुल्क से मुक्त रहेगें।

13–नगर पंचायत कदौरा सीमा से गुजरने वाले उन वाहनों पर पार्किंग शुल्क देय होगा जोकि सीधे कदौरा के किसी भी मार्ग पर गुजरेगी तथा नगर पंचायत कदौरा, जनपद जालौन की सीमा के अन्तर्गत सवारी या माल की लोडिंग एव अन्य लोडिंग करेगी तो उन सभी वाहनों से भी देय होगा।

14—नगर पंचायत कदौरा आवश्यकतानुसार/सुविधानुसार सड़क के किनारे बाजारों आदि में पार्किंग स्थल नियत करेगी जिसकी सूचना सूचना-पट पर अंकित की जायेगी।

15—नगर पंचायत कदौरा आवश्यकतानुसार/सुविधानुसार समय-समय पर पार्किंग स्थल में परिर्वतन भी कर सकती है।

16—नगर पंचायत कदौरा द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थल पर कोई बस, ट्रक, जीप कार, टैम्पो टैक्सी, थ्री व्हीलर, टैक्टर/ट्राली, तांगा, बुग्गी आदि वाहन नियमानुसार नगर पंचायत कदौरा को निर्धारित पार्किंग शुल्क अदा करने के पश्चात् ही रसीद प्राप्ति के उपरान्त ही पार्किंग स्थल पर खड़े किये जायेगें।

17—वाहन स्टैण्ड शुल्क का प्रतिदिन की दर निम्न प्रकार होगी—

क्र0 सं0	वाहन का प्रकार	निर्धारित प्रस्तावित शुल्क
1	2	3
		रु0
1	मोटर बस लारी	50.00
2	मिनी बस	40.00
3	जीप, कार	25.00
4	मेटाडोर	30.00
5	ट्रैक्टर सामान/माल से लदा हुआ	25.00
6	ट्रक/टैंकर आदि भारी वाहन	50.00
7	तांगा/बग्गी/टेम्पू टैम्पो/आटो रिक्शा	10.00

18—ठेकेदार द्वारा उपर्युक्त लिखित का उल्लंघन करने पर अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत कदौरा, जालौन द्वारा ठेका निलंम्बित/निरस्त करने का अधिकार होगा। ठेके से सम्बंधी किसी भी वाद-विवाद के लिये अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी नगर पंचायत कदौरा, जनपद जालौन का निर्णय अंतिम होगा और उसे उभयपक्षों को मान्य होगा।

दण्ड

नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299 (1) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत कदौरा, जनपद जालौन यह नियत करती है कि उक्त उपविधियों की किसी भी धारा का उल्लंघन दण्डनीय अपराध होगा और ऐसा प्रमाणित होने पर मु0 एक हजार का अर्थदण्ड दिया जा सकता है तथा अपराध जारी रहने पर जो प्रथम दोष सिद्ध होने के दिनांक के पश्चात् प्रत्येक ऐसे दिनांक तक जिसके बारे में सिद्ध हो जाये कि उसका अपराध जारी रहा है तो ऐसे प्रत्येक दिन के लिये दस रुपये प्रतिदिन की दर से जुर्माना देय होगा।

ह0 (अस्पष्ट),
अध्यक्ष,
नगर पंचायत, कदौरा,
जालौन।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम जितेन्द्र खटीक है और कुछ अभिलेखों में मेरा नाम जितेन्द्र कुमार है, दोनों नाम मेरे ही है भविष्य में मुझे जितेन्द्र खटीक (JITENDRA KHATEEK) पुत्र रमेश कुमार (RAMESH KUMAR) पता 87/2, सुभाषपुरा ललितपुर के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

जितेन्द्र खटीक,
पुत्र रमेश कुमार,
निवासी 87/2, सुभाषपुरा
ललितपुर, परगना, तहसील व
जिला ललितपुर (उ0प्र0)।

सूचना

सूचित किया जाता है कि संजय सिंह तोमर व संजय सिंह पुत्र बरदावर सिंह एक ही नाम का व्यक्ति है। जो कि भविष्य में संजय सिंह के नाम से जाना जाये। नि0-204, जी-ब्लाक, सी0बी0सी0आई0डी0 कालोनी, गोमती नगर, लखनऊ।

संजय सिंह।

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मेसर्स ड्रीम ट्रैक्टर, मोहल्ला-तुर्क पट्टी, लहरपुर रोड, खैराबाद, जिला-सीतापुर की साझेदारी फर्म 1932 साझेदारी अधिनियम के अन्तर्गत लखनऊ से पंजीकृत है, जिसमें दो साझेदार मो0 सुएब एवं श्री पंकज जायसवाल थे, जिसमें एक साझेदार श्री पंकज जायसवाल आपसी सहमति से फर्म की साझेदारी से स्वेच्छापूर्वक निकल रहे हैं तथा एक नये साझेदार श्रीमती नेहा परवीन फर्म में शामिल हो रही हैं, वर्तमान में दो साझेदार क्रमशः मो0 सुएब पुत्र

मो0 अफाक अन्सारी एवं श्रीमती नेहा परवीन पत्नी मो0 सुएब साझेदार हैं जिसकी सूचना दी जा रही है।

मो0 सुएब,
साझेदार ड्रीम ट्रैक्टर,
जिला सीतापुर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है मेसर्स फारूक हैंडलिंग एण्ड ट्रांसपोर्ट एजेन्सी, 135, न्यू शान्ति नगर, रेलवे रोड, मेरठ शहर, मेरठ–250002 की साझीदारी में श्री फारूक अहमद, श्री ताहिर इस्लाम, श्रीमती आयशा बानो एवं श्री तारिफ शमशाद साझीदार थे। दिनांक 09 जनवरी, 2021 को श्री तारिफ शमशाद फर्म की साझीदारी से अपना हिसाब-किताब ले देकर अलग हो गये हैं। वर्तमान में श्री फारूक अहमद, श्री ताहिर इस्लाम एवं श्रीमती आयशा बानो साझीदार है। यह घोषणा करता हूं कि एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

फारूक अहमद,
साझीदार,
मेसर्स फारूक हैंडलिंग एण्ड ट्रांसपोर्ट,
एजेन्सी 135, न्यू शान्ति नगर, रेलवे रोड,
मेरठ शहर, मेरठ-250002।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स पाकीज़ा इन्डस्ट्रीज स्थित विलेज डांडी हमीर, पो0 आ0 रिछा, जिला बरेली, उ0प्र0, पिनकोड–243201 (पंजीकरण संख्या B-9697) फर्म में कुल 8 साझेदार–अनीसउद्दीन, मो0 जाहिद, मुस्ताक अहमद, रफीक अहमद, मो0 फुरकान, सगीर अहमद, अखलाक अहमद व खलील अहमद थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 25 फरवरी, 2021 को फर्म में 6 नये साझेदार अतीक अहमद, मरियम निशा, मो0 इब्राहिम, अकीलन बेगम, हसीन बानो व जैबुन निशा शामिल किये गये हैं तथा फर्म के 3 साझेदार मुस्ताक अहमद, रफीक अहमद व सगीर अहमद फर्म से अपनी स्वेच्छा से दिनांक 25 फरवरी, 2021 को अवकाश ग्रहण करके अलग हो गये हैं तथा दो साझेदारों अखलाक अहमद व खलील अहमद की मृत्यु हो जाने के कारण उनकी साझेदारी दिनांक 25 फरवरी, 2021 को समाप्त हो गयी। अवकाश ग्रहण साझेदारों व मृतक साझेदारों का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है। किसी प्रकार का साझेदारों का फर्म पर या फर्म का साझेदारों पर कोई लेन-देन बकाया नहीं रह गया है, अब फर्म में कुल 9 साझेदार अनीसउद्दीन, मो0 जाहिद, मो0 फुरकान, अतीक अहमद, मरियम निशा, मो0 इब्राहिम, अकीलन बेगम, हसीन बानो व जैबुन निशा हैं तथा फर्म में एवं साझेदारों में किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी हैं।

मो0 जाहिद,
साझेदार,
मेसर्स पाकीजा इन्डस्ट्रीज,
बरेली, उ0प्र0।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शादी से पूर्व मेरा नाम बैभव गुप्ता पुत्री श्री ऋषिपाल गुप्ता था। शादी के बाद मैंने अपना नाम बदलकर राधा गुप्ता रख लिया था। यह दोनों मेरे ही नाम हैं। भविष्य में मुझे राधा गुप्ता पत्नी श्री मोहित गुप्ता, निवासी ग्राम बाजपुर कुमरिखा, तहसील तिलहर, जिला शाहजहांपुर जे नाम से ही जाना जाये।

राधा गुप्ता।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स जय बाबा ब्रिक फील्ड पता-सी-324, हिन्दनगर, कानपुर रोड, लखनऊ, जिसका रजि0 नं0 195240, दिनांक 16 दिसम्बर, 2011 को पंजीकृत है, उक्त फर्म में प्रथम पार्टनर मेवा लाल, द्वितीय पार्टनर, वासुदेव कुमार, तृतीय पार्टनर राजेश कुमार, चतुर्थ पार्टनर अजय कुमार साझीदार थे। दिनांक 01 जनवरी, 2021 को श्री मेवालाल पुत्र स्व0 बकारी मल साझीदारी से अलग हो गये हैं, दिनांक 01 जनवरी, 2021 से नये पार्टनर श्री महेन्द्र पवानी, श्री विकास कुमार श्रीवास्तव श्री जागेन्द्र पवानी, श्री समीर मित्तल, श्री मनीष अग्रवाल, श्री सुनील अग्रवाल तथा श्री श्रेय अग्रवाल साझीदारी में सम्मिलित हो गये हैं।

वर्तमान में 1–श्री अजय कुमार, 2–श्री वासुदेव कुमार, 3–श्री राजेश कुमार, 4–श्री महेन्द्र पवानी, 5–श्री विकास कुमार श्रीवास्तव, 6–जागेन्द्र पवानी, 7–समीर मित्तल, 8–मनीष अग्रवाल, 9–सुनील अग्रवाल व 10–श्रेय अग्रवाल साझीदार होगें।

अजय कुमार,
पार्टनर,
मेसर्स-जय बाबा ब्रिक फील्ड,
पता-सी-324, हिन्दनगर,
कानपुर रोड, लखनऊ।

सूचना

फर्म हंसराज संस एण्ड क0 95-बी न्यू मण्डी मुजफ्फरनगर, रजिस्ट्रेशन संख्या 136567 के साझेदार हंसराज वधावन की मृत्यु दिनांक 05 अक्टूबर, 2001 को हो जाने के कारण शेष पूर्व भागीदार कृष्ण कुमार व संजय कुमार द्वारा दिनांक 06 अक्टूबर, 2001 संशोधित साझेदारी विलेख के अनुसार फर्म का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में फर्म की एक अन्य संशोधित साझेदारी विलेख दिनांक 02 जनवरी, 2021 के अनुसार निधि वधावन व संचित वधावन फर्म की भागीदारी में सम्मिलित हो गये हैं। अब दिनांक 02 जनवरी, 2021 से वर्तमान में साझेदारी विलेख के अनुसार कुल चार साझेदार कृष्ण कुमार, संजय कुमार, निधि वधावन व संचित वधावन हैं।

संजय कुमार,
(पार्टनर),
फर्म हंसराज संस एण्ड क0,
95-बी, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।

सूचना

1–यह कि निवेदन करना है कि M/s. OM RAJ FOODS, 52 Uptron Estate Panki Industrial Area Kanpur 208022, सं0–005372020-2021, पंजीकरण संख्या केएपी/000707 के संविधान में दिनांक 17 अगस्त, 2020 पर पंजीकृत है।

2–यह कि दिनांक 26 अक्टूबर, 2020 से उक्त फर्म की साझेदारी से Mr. Harsh Shyamdashni S/o Shri Sanjay Shyamdasani R/o 117/H-1/187, Pandu Nagar, Kanpur Nagar-208005 अपनी स्वेच्छा से दिये गये पत्र दिनांक 19 अक्टूबर, 2020 द्वारा रिटायर्ड हो गये हैं।

3–यह कि दिनांक 27 अक्टूबर, 2020 से उक्त फर्म में Mrs. Kanika Shyamdsni D/o Mr. Ashok Kanjani R/o 117/H-1/187, Pandu Nagar, Kanpur Nagar-208005 शामिल हो गया है।

4–यह कि फर्म के पंजीकृत कार्यालय में परिवर्तन करके Arazi Nos. 308, 309, 310, Vill.-Raipur Kukhat, Kanpur Dehat, Uttar Pradesh-209304 किया गया है।

इसके अतिरिक्त फर्म में अन्य कोई भी परिवर्तन नहीं किये गये हैं। उपरोक्त परिवर्तनों की सूचना सहित समस्त आवश्यक प्रपत्र आपकी सेवा में प्रस्तुत है।

कमलेश कुमार,
साझीदार,
M/s. OM RAJ FOODS,
52, Uptron Estate Panki,
Industrial Area, Kanpur 208022.

पी0एस0यू0पी0–50 हिन्दी गजट–भाग 8–2021 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उ0प्र0, प्रयागराज।